हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 28 फरवरी 2025

तापमान
अधिकतम 26 .6 डिग्री
न्यूनतम 12 .5 डिग्री

अमर शहीद चंद्रशेखर को संस्थाओं ने दी श्रद्धांजलि 12



विद्यार्थियों को डिजिटल कौशल के बारे में दी जानकारी 12



## खबर संक्षेप

### ऑनलाइन ट्रेडिंग में ठगी का आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** थाना साइबर क्राइम पुलिस की टीम ने ऑनलाइन ट्रेडिंग में पैसे डबल करने का झांसा देकर पानीपत के गांव बांध निवासी भजनलाल से लाखों की रुपये की ठगी करने वाले गिरोह के दूसरे आरोपी कुलविंदर निवासी देसू जोधा सिरसा को गिरफ्तार किया है। थाना साबइर क्राइम प्रभारी सब इंस्पेक्टर अजय ने बताया कि आरोपी कुलविंदर से 20 हजार रूपए, एटीएम कार्ड, मोबाइल फोन व 2 सिम कार्ड और आरोपी खेमचंद के कब्ज से 3200 रूपए बरामद किए हैं।

### डायल 112 से टकराकर बाइक सवार की मौत

**पानीपत।** डायल 112 पुलिस की गाड़ी से टकराकर बाइक सवार बुजुर्ग हुकुमचंद निवासी गांव वैसर जिला की मौत हो गई, जबकि दो घायल हो गए। हादसा अचानक बीच सड़क पर गाड़ी रोकने और पिछली सीट पर बैठे पुलिसकर्मी द्वारा दरवाजा खोल देने से हुआ। इससे पीछे से आ रही बाइक खिड़की से टकरा गई। वहीं थाना मतलौड पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### गीतकार से मारपीट कर नगदी छीनी, केस दर्ज

**पानीपत।** गांव मछरौली फ्लाईओवर पर हरियाणवी सॉन्ग राइटर अनिल निवासी गांव गुजरवास जिला रेवाडी का स्कॉर्पियो सवार बदमाशों ने अपहरण कर लिया। वहीं अपनी कार में सवार होकर पानीपत के गांव सनौली से रेवाडी की ओर जा रहा था। बदमाशों ने अनि के साथ मारपीट की और उससे 11 हजार की नगदी छीन कर फरार हो गए।

### मासूम को छोड़कर विवाहिता हुई लापता

**पानीपत।** पानीपत के गांव सींक से एक महिला अपने डेढ़ साल के बच्चे को अकेला छोड़कर लापता हो गई। वहीं पति ने बताया कि वह गांव शेरपुर जिला गाजीपुर, उत्तर प्रदेश का निवासी है और अपनी पत्नी के साथ गांव सींक में रह रहा था। दोनों के डेढ साल का बच्चा है।

### 11 व 12 मार्च को होने वाले फाल्गुनी मेले की तैयारी में जुटा प्रशासन

# देश-विदेश से एक करोड़ श्रद्धालु आएंगे पानीपत के चुलकाना धाम

- गांव के बाहर होगी वाहनों की पार्किंग, फिरनी पर लगेंगे कैमरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** चुलकाना धाम फाल्गुनी मेले को लेकर बैठक करते अधिकारी।

पानीपत के गांव चुलकाना के धार्मिक स्थल पर 9 से 11 मार्च को लगने वाले फाल्गुन मेले की तैयारियों को लेकर प्रशासन ने कमर कस ली है। संबंधित विभागों को मेला परिसर व अन्य स्थानों पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने को लेकर उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि मेला स्थल पर लाखों लोग पूजा अर्चना मन्नत मांगने को लेकर पंहुचते है। उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। इसका हमें विशेष ध्यान रखना है। हमें मेला स्थल पर पहुंचने वाले लोगों को बेहतरीन व्यवस्था देनी होगी। बिजली-पानी, पार्किंग को लेकर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इसके लिए अपने आप को तैयार कर ले चुलकाना धम का निरीक्षण करें। उपायुक्त ने बैठक में 14 सूत्रीय एंजेंडे पर एक-एक करके अधिकारियों के साथ चर्चा की व इन पर तीव्रता से काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गांव में पीएचसी की व्यवस्था अति शीघ्रता से करें। उपायुक्त ने व्यायामशाला और ई लाइब्रेरी बनवाना सुनिश्चित करने के लिए कहा। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे धार्मिक स्थल पर कम से कम बीस सफाई कर्मचारियों की व्यवस्था करें। ताकि गंदगी पर काबू पाया जा सकें। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे फिरनी के चारों तरफ कैमरे व लाइटे लगाये व फिरनी को साफ सुथरा बनायें ताकि आने वाले यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। पिछले साल की तरह इस वर्ष भी यह कार्यक्रम भव्य तरीके से आयोजित किया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि विभिन्न रास्तों से साधक धार्मिक स्थल पर पहुंचते है। ऐसे में उन सभी रास्तों को पक्का किया जाए, जहां से साधकों का आवगमन होता है। उपायुक्त ने ढिडार रोड के सामने वाली गली का निर्माण कर उसे चौड़ा करने के भी निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि मेले में दूर दराज से लोग अपने निजी साधनों से पहुंचते है। इसके लिए गांव के बाहर बड़े स्तर पर पार्किंग की व्यवस्था करना जरूरी है।

#### खबर संक्षेप

उपायुक्त ने कहा कि मेले में देशभर से लोग आस्था व मन्नत मांगने के लिए पहुंचते है। उन्हें हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध करवाना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। इसमें अधिकारी किसी भी तरह की कोताही न बरते। उपायुक्त ने अधिकारियों को ज्यादा से ज्यादा शौचालय के निर्माण करने के, पानी की निकासी की व्यवस्था करने, नाला बनवाने व जीटी रोड से आने वाले रास्ते का विस्तार करने के भी निर्देश दिए।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर केन्द्रीय मंत्री मनोहरलाल के प्रतिनिधि गजेन्द्र सलुजा, एसडीएम समालखा अमित कुमार, सीएमओ डॉ जयंत आहुजा, सीईओ डॉ.किरण, एमडी शुगर मील मनदीप, सरपंच सतीश, डीएसओ धरेन्द्र सिंह, डिप्टी सीईओ मनीष, पीडब्ल्यूडी कार्यकारी अभियंता सवित पानू, डीएसपी सतीश वत्स आदि मौजूद रहे।

# मजदूरों ने सीएम निवास के सामने किया प्रदर्शन




**कुरुक्षेत्र।** सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते कर्मचारी।

- सीएम के प्रतिनिधि को मजदूरों ने मांगों का ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

शहीद चंद्रशेखर आजाद के शहीदी दिवस पर निर्माणकार्य मजदूर मिस्त्री यूनियन के बैनर तले सैंकड़ों मजदूरों ने जिंदल चौक के पास पार्क में इकट्ठा होकर अपनी समस्याओं और मांगों के बारे में नारे लगते हुए मुख्यमंत्री निवास तक प्रदर्शन किया और वहां धरना दिया। मुख्यमंत्री की तरफ से उनके प्रतिनिधि कैलाश सैनी आए और मजदूरों ने अपनी मांगों का ज्ञापन उनको सौंपा। यूनियन के महासचिव सुरेश कुमार ने कहा कि सरकार ने बोर्ड से मिलने वाले लाभ वितरण की प्रक्रिया को इतना जटिल कर दिया कि यह आम मजदूर की पहुंच से बाहर हो गई है। हरियाणा में निर्माणकार्य में लगे मजदूरों को 2018 से पहले ऑफ-लाइन प्रणाली में कुछ लाभ मिल भी जाते थे जब मजदूरों के 90 दिन के कार्य-प्रमाणपत्र की वेरीफिकेशन मजदूर यूनियनों द्वारा की जाती थी। परंतु 2018 में हरियाणा सरकार ने एक नोटिफिकेशन जारी करके यूनियनों से यह अधिकार यह कह कर छीन लिया कि यूनियनें भ्रष्टाचार करती हैं और यह अधिकार सरकारी अधिकारियों को दे दिया, तब से तो यह भ्रष्टाचार चरम सीमा पर पहुँच गया है। प्रांतीय प्रधान करनैल सिंह ने सरकार से अन्य मांगों के साथ मांग की कि 90 दिन के कार्य-प्रमाणपत्र की वेरीफिकेशन का अधिकार ट्रेड-यूनियनों को दें।

# युवक की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- मामूली कहासूनी पर ईंट से कर दी थी युवक की हत्या

जिला पुलिस टीम ने ब्लांड मर्डर की गुत्थी सुलझाते हुए हत्यारोपी सूरज उर्फ गोलू वासी जैलदार कालोनी शाहबाद जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार किया है। 23 नवम्बर को पुलिस को दी अपनी शिकायत मे धर्मबीर वासी माया कालोनी गुमटी शाहबाद जिला कुरुक्षेत्र ने बताया कि वह प्राईवेट कंपनी में ड्राईवरी का काम करता है। उसके छोटे भाई का नाम सतीश कुमार है जिसकी शादी लगभग 10/12 साल पहले हुई थी जिसका अब तलाक हो चुका है। 20 नवम्बर 2024 को वह अपनी कम्पनी से गाड़ी लेकर रुदरपुर उतराखंड में गया था। 23 नवम्बर 2024 को रुदरपुर से वापिस आते समय करीब 12 बजे जब वह शाहबाद से अपने घर माया कालोनी की और जा रहा था तो रास्ते मे रेलवे स्टेशन शाहबाद के पिछली साईड काफी भीड व पुलिस वाले खडे दिखाई दिये। जब उसने गाडी से उतरकर देखा तो उसके भाई सतीश कुमार की लाश सड़क किनारे खून से लतपत हालात में पड़ी थी जिसके सिर पर चोटे लगी हुई थी। उसे शक है कि किसी नामपता नामालूम व्यकित ने किसी रंजिश या लडाई-झगडा के चलते उसके भाई सतीश को चोटें मारकर उसकी हत्या की है। पुलिस टीम द्वारा एफएसएल तथा डॉग स्काड टीम को मौक पर बुलाकर जांच की गई। पुलिस अधीक्षक वरूण सिंगला ने मामले की गम्भीरता को देखते हुए जांच अपराध अण्वेषण शाखा-1 को सौंपी गई। टीम ने हत्या करने के आरोपी सूरज उर्फ गोलू वासी जैलदार कालोनी शाहबाद जिला कुरुक्षेत्र को गिरफतार कर लिया। अपराध शाखा -2 प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि आरोपी की पूछताछ में मामूली झगडे की बात सामने आई है।

आरोपी मृतक को पहले से जानता था। कुछ समय पहले आरोपी से मृतक की कहासूनी हुई थी जिसको लेकर आरोपी रंजिश रखता था। आरोपी ने मौका पाकर मृतक की ईंट मारकर हत्या कर दी थी।

# अवैध खनन करने वालों पर शिकंजा कसें : एडीसी

**करनाल।** अतिरिक्त उपायुक्त यश जालुका ने एनफोर्समेंट शाखा के एसएचओ को निर्देश दिये कि अवैध खनन में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें और उनके वाहन भी जब्त किए जाएं। उन्होंने कहा कि अवैध खनन करने वालों के खिलाफ शिकंजा कसा जाए और खनन विभाग की ओर से संबंधित को नोटिस जारी किए जाएं और रिकवरी के लिए प्लैंटी भी लगाई जाए। अतिरिक्त उपायुक्त वीरवार को लघु सचिवालय में जिला टास्क फोर्स कमेटी की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने एनफोर्समेंट एसएचओ से अवैध खनन को लेकर दर्ज की गई एफआईआर में आगे की प्रगति की जानकारी ली और निर्देश दिए कि आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट तैयार कर आगे कार्यवाही अमल में लाई जाए। उन्होंने कहा कि अवैध खनन करने वालों पर आम जनता नजर रखे और इसकी सूचना प्रशासन को दे। अवैध खनन के मामले में जब्त किए गए वाहनों में से सुपरदारी के बाद शेष वाहनों का निपटारा भी जल्दी करवाएं।

# दिनभर चलती रही बूंदाबांदी मौसम ने फिर ली करवट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- तापमान नीचे लुढ़का, गेहूं की फसल के लिये वरदान

पिछले तीन दिनों से जहां तापमान काफी गर्म हो गया था और आमजन के साथ-साथ फसलों के लिये भी मौसम अनुकूल नहीं था। लेकिन वीरवार सुबह ही मौसम ने अचानक करवट ली और सुबह से ही बूंदाबांदी शुरू हो गई। दिनभर बारिश होने से तापमान काफी नीचे आ गया और फिर से ठंड ने अपनी दस्तक दे दी है। हालांकि कृषि विभाग के जिला उपनिदेशक डॉ.आदित्य प्रताप डबास ने बताया कि यह बारिश गेहूं की फसल के लिये काफी लाभदायक है। इसलिये गेहूं की फसल पकने में फसल को थोड़ा और समय मिलेगा, जो काफी अच्छा है। यमुनानगर में सुबह से हल्की बारिश होती रही। वीरवार को 12वीं की परीक्षा देने जाने के लिए विद्यार्थियों को वाहनों का सहारा लेना पड़ा। वहीं बारिश से मौसम में ठंडक घुलने से तापमान में भी गिरावट आई है।

मौसम विभाग के अनुसार तीन दिन इसी प्रकार से मौसम बना रहने से शनिवार तक बारिश की संभावना रहेगी। उधर, हल्की बारिश जिले में 90 हजार हेक्टेयर में खड़ी गेहूं की फसल के लिए काफी लाभकारी रहेगी। परंतु यदि बारिश अधिक होती है तो छह हजार हेक्टेयर में खड़ी सरसों की फसल के लिए नुकसान हो सकता है।

# विवाह समारोह में जा रहे बाइक सवार युवक की हादसे में मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

बाइक पर सवार होकर रिश्तेदारी में आयोजित विवाह में शामिल होने के लिए साढौरा के गांव सैदपुर आ रहे युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। युवक अपने एक अन्य रिश्तेदार के साथ अलग बाइक पर आ रहा था। उपचार के दौरान युवक ने पीजीआई चंडीगढ़ में दम तोड़ा। अंबाला के नारायणगढ़ निवासी कुलदीप सिंह ने बताया कि मंगलवार को वह अपने परिवार के साथ बाइक पर विवाह समारोह में शामिल होने के लिए साढ़ौरा के गांव सैदपुर आ रहा था। उसके आगे-आगे मौसी का 30 वर्षीय बेटा संदीप कुमार भी अलग बाइक से था। वह लोग जैसे ही साढौरा से कुछ पहले मारकंडा पुल के निकट गांव रामपुर राईयां पहुंचे तो अचानक एक अनियंत्रित बाइक ने संदीप को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही संदीप सड़क पर गिरा और सिर से खून बहने लगा। डायल-112 को फोन किया तो मौके पर पुलिस पहुंच गई। खून से लथपथ संदीप को लेकर वह अस्पताल पहुंचे। जहां से उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया तो वह उसे लेकर पीजीआई चंडीगढ़ चले। उपचार के दौरान संदीप ने वहां दम तोड़ दिया।

### इलेक्ट्रॉनिक दुकान और सूने मकान में सेंधमारी

**यमुनानगर।** जिले में सक्रिय चोर लगातार पुलिस के लिए सिर दर्द बन रहे हैं। इस बार चोरों ने थाना जगाधरी सिटी क्षेत्र में इलेक्ट्रॉनिक की दुकान से करीब 70 हजार रुपये कीमत की दो बैटरी, स्क्रैप व इनवर्टर चोरी हो गए। इसके अलावा शहर के टैगोर गार्डन में बंद पड़े मकान से करीब डेढ़ लाख रुपये की बिजली के तार चोरी कर ली। जगाधरी के देवी भवन बाजार में सुनील कुमार की भगवती इलेक्ट्रॉनिक नाम से दुकान है। तीन दिन पहले दोपहर को उसकी बहन स्कूल से लौटी और शटर खोल कर ऊपर कमरे में चली गई। शाम करीब साढ़े पांच बजे जब वह दुकान पहुंचा तो देखा कि दो नई बैटरी, स्क्रैप व नौ इनवर्टर इत्यादि सामान गायब था।

# दुष्कर्म मामले में समझौता करने के बदले नगदी लेने वाले पीड़िता के मां-पिता काबू

- आरोपियों से सवा दो लाख रुपये बरामद

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस की टीम ने सामुहिक दुष्कर्म के दर्ज केस में समझौता करवाने के नाम पर 45 लाख रूपए जबरन वसूली की वारदात में संलिप्त, पीडित लडकी की मां व पिता को गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों के पास से समझौते के रूप में लिए गए 2.25 लाख रुपए बरामद किए हैं। सीआईए वन प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि बीते साल नवंबर में उक्त मामले की जांच कर मामले का पटाक्षेप करते हुए गांव काबड़ी निवासी आरोपी नेमपाल को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में आरोपी नेमपाल ने बताया था वसूली गई 45 लाख रूपये की नगदी में से उसने 5 लाख रूपए अपने कर्जे के चुका दिए। पुलिस ने आरोपी नेमपाल के कब्जे से बची 40 लाख रूपए की नगदी बरामद कर आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया था। इधर, सीआईए वन पुलिस टीम ने 25 फरवरी को आरोपी नेमपाल को जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर दोबारा से पूछताछ की तो आरोपी ने पुलिस को बताया उसने दुष्कर्म पीड़िता नाबालिग के माता व पिता के साथ मिलकर दुष्कर्म के मामले में समझौता के नाम पर वसूली की थी। दोनों को पांच लाख रूपए में समझौते की बात कहकर उसने आगे ज्यादा पैसों की डिमांड की और दुष्कर्म के आरोपी के परिजनों से 45 लाख रूपए ऐठ कर उक्त नगदी में से 4 लाख 25 हजार रूपए दंपत्ति के बैंक खातों में डाल दिए थे। 75 हजार रूपए उसने खर्च कर दिए और 40 लाख रूपए उसके कब्जे से पुलिस द्वारा पहले बरामद किये जा चुके है। पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी नेमपाल को न्यायायल में पेश कर जेल भेज दिया था। प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि पुलिस ने वीरवार को आरोपी दंपत्ति को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी दंपत्ति ने आरोपी नेमपाल के साथ मिलकर उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। पुलिस ने आरोपी दंपत्ति के कब्जे से दुष्कर्म के मामले में समझौते के नाम पर जबरन वसूली गई नगदी में से 2 लाख 25 हजार रूपए बरामद कर दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया, अदालत ने आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। थाना पुराना औद्योगिक क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति ने शिकायत में बताया था कि उसके भतीजों के खिलाफ 22 अक्तूबर 2024 को थाना पुराना औद्योगिक में नाबालिग का अपहरण कर सामुहिक दुष्कर्म व जान से मारने की धमकी देने का मुकद्मा दर्ज हुआ था। काबड़ी निवासी नेमपाल अपनी पत्नी के साथ उससे व उसके भाई से मिलकर कहने लगा वह मुकदमें में फैसला करवा देगा।

# महिला को नशीला पदार्थ सुंघाकर चुराए आभूषण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- पुलिस ने दो अज्ञात युवाओं के खिलाफ किया केस दर्ज

शहर के सिविल अस्पताल जा रही महिला को दो युवको ने पता पूछने के बहाने रोक लिया और नशीला पदार्थ सुंघा कर करीब 50 हजार रुपये कीमत के सोने.चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। पुलिस ने दो अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

चिट्टा मंदिर निवासी राजबाला देवी ने पुलिस को बताया कि वह अपनी बेटी को देखने अस्पताल जा रही थी, जिसने नवजात बच्चे को जन्म दिया है। सिविल अस्पताल के गेट पर पहुंची तो अचानक दो युवक नजदीक आए और एक पता पूछने के बहाने रोक लिया। वह कुछ समझ पाती कि एक युवक ने रुमाल सुंघा दिया, जिसके बाद वह बेसुध की हालत में हो गई।

उक्त दोनों युवकों ने उसे कान से बाली उतारने को कहा तो वह उसने उतार कर दे दी। इसके बाद पैंजेब व व अन्य आभूषण भी उतरवा लिए। पर्स में से 250 रुपये निकाल लिए। कुछ देर बाद जब उसकी मां को होश आया तो वह चीख पड़ी और घर लौट आई।

### एचएसजीपीसी के प्रधान ने मंत्री मनजिंदर सिंह से की मुलाकात

# सिरसा के कैबिनेट मंत्री बनने से बढ़ा सिखों का मान

- मनजिंदर सिंह ने हरियाणा का नाम देश की राजनीति में चमकाया : अजराना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** कैबिनेट मंत्री बनने पर मनजिंदर सिंह सिरसा को शुभकामनाएं देते एचएसजीएमसी प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध व कवलजीत सिंह अजराना।

हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध ने कहा कि सिख कौम की आवाज मनजिंदर सिंह सिरसा के दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री बनने से सिखों का मान बढ़ा है। सिरसा जिला के रहने वाले मनजिंदर सिंह ने हमेशा अपनी कौम के हित में कार्य किया है। कौम के अधिकारों के लिए उन्होंने हमेशा आवाज बुलंद की है। कैबिनेट मंत्री बनने पर मनजिंदर सिंह सिरसा को आज दिल्ली विधानसभा में मिल शुभकामनाएं देकर कवलजीत सिंह अजराना के साथ यहां लौटे। भूपिंद्र सिंह ने कहा कि दिल्ली सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के प्रधान रहते हुए भी मनजिंदर सिंह ने सिख कौम के लिए सेवा भाव से काम किया, जबकि भाजपा में शामिल होने के बाद भी वे सदैव सिख कौम हित में आवाज उठाते रहे। असंध ने कहा कि भाजपा ने शुरू से ही सिखों के हित में काम किया है। अब मनजिंदर सिंह सिरसा को कैबिनेट मंत्री का पद देकर भाजपा ने एक बार फिर से सिखों का दिल जीत लिया है। इससे पहले भी भाजपा, सिख कौम के लिए अनेक कार्य कर चुकी हैं, जिनमें गुरु साहिबान की शताबदी मनाना, श्रीकरतारपुर साहिब का गलियारा खोलने और उसका अगले पांच साल के लिए समय बढ़ाना, काली सूचि को खत्म करना और 1984 के सिख नरसंहार के आरोपियों को सजा दिलाने के साथ-साथ कई अन्य काम शामिल है। हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के पूर्व प्रवक्ता एवं भाजपा नेता कवलजीत सिंह अजराना ने कहा कि मनजिंदर सिंह सिरसा ने प्रदेश का नाम देश की राजनीति में चमकाया है। हरियाणा के जिला सिरसा वासी मनजिंदर सिंह को केंद्र की राजनीति में भीष्म कहना कोई अतिश्योक्ति नहीं है।

सिरसा ने अपने राजनीतिक सफर को इस कदर आगे बढ़ाया कि हर कोई उनकी काबलियत का कायल हो गया। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव और अब दिल्ली विधानसभा चुनाव में रिकार्ड-तोड मतों से विजय हासिल करने के बाद दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री का पद हासिल करना उनकी कामयाबी की दास्तां बयां कर रहा है।

# एचडब्ल्यूसीटीसीसी के अधिकारियों और एजेंटों पर तीन मामले दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

- ठगी के मामलों में 120 लोग दे चुके हैं पुलिस को शिकायत

ह्यूमन वेलफेयर क्रेडिट एंड थ्रिफ्ट कोऑपरेटिव सोसाइटी के अधिकारियों व एजेंटों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। निवेशक पुलिस को सोसाइटी के सीएमडी व प्रदेश स्तर पर काम देखने वालों के साथ एजेंटों के खिलाफ भी शिकायत दे रहे हैं। पुलिस ने तीन मामलों में केस दर्ज कर लिया है। हालांकि पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा के पास अभी तक करीब 120 लोगों की शिकायतें आ चुकी हैं। गत वर्ष तीन दिसंबर से सोसाइटी ने लेन देन को बंद करने के साथ अपने एप व सॉफ्टवेयर आदि तक को भी हटा दिया था। तब से निवेशक पुलिस को शिकायत दे रहे हैं। सुषमा ने बताया कि उसने 3 हजार रुपए प्रतिमाह के हिसाब से उक्त कंपनी में आरडी करवाई थी। यह तीन साल की थी। वह 1 लाख 8 हजार रुपए जमा करवा चुकी। लेकिन अब उसे वापस नहीं मिल रहे। सोसाइटी के मैनेजर ने पहले तो कई बार तारीखें दी। लेकिन अब उसने फोन भी स्विच ऑफ कर लिया। वहीं, गांव शाहपुर निवासी महिला सरोज ने बताया कि उसका पति कर्मपाल एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता है। गांव सिवाह के रहने वाले नरेश शर्मा, गांव बुडशाम का रहने वाला प्रेम गुलिया, हुमन वेलफेयर क्रेडिट एंड थ्रीफ्ट को-ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड के चेयरमैनों, सैक्रेटरी, कैशियर, सदस्यों व अन्य लोगों ने उसके साथ ठगी की है। आरोपियों ने झांसे में लेकर उसे आरडी करवाई। उनसे 3 लाख रुपए की 18 माह की एफडी में निवेश करने के नाम पर कैश ले गए। ठगों ने उनसे कुल 5 लाख रुपए ले लिए। लेकिन न ही रुपए वापस लौटाए और न ही उन्हें कोई प्रोफिट मिला। वहीं, सोहन सिंह ने बताया कि वह समालखा का रहने वाला है। उसको सोसाइटी के ब्रांच मैनेजर अनिल कुमार, प्रदीप कुमार निवासी गांव पावटी समालखा और अन्य लोगों ने ठगी का शिकार बनाया। ठगों ने उसे बताया था कि उनकी कंपनी भारत सरकार के कृषि मंत्रालय द्वारा पंजीकृत है।

## खबर संक्षेप

### आज 6 बजे के बाद रूक जाएगा चुनावी शोर

**करनाल।** जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने कहा कि सभी राजनीतिक दल व प्रत्याशी नगर निकाय चुनावों में आदर्श आचार संहिता की दृढ़ता के साथ पालना करना सुनिश्चित करें। चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए राजनीतिक दलों एवं प्रत्याशियों के सहयोग की जरूरत है। उन्होंने कहा कि 28 फरवरी को शाम 6 बजे प्रचार बंद हो जाएगा।

### युवा आजाद के बलिदान से लें देशभक्ति की प्रेरणा

**करनाल।** एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा शहीद चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर कर्ण पार्क में स्थित आजाद की प्रतिमा के समक्ष श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के सदस्यों ने नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा के नेतृत्व में आजाद की प्रतिमा पर तिरंगा वस्त्र एवं फूलमालाएं पहनाकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### कर्मचारी चलाएंगे बजट सत्रः सेवा राम बड़सर

**करनाल।** प्रदेश भर के कर्मचारी जिस दिन विधानसभा में बजट पेश किया जाएगा,उसी दिन सभी जिला मुख्यालयों पर 'कर्मचारी बजट सत्र' चलाएंगे और जो प्रस्ताव पास किए जाएंगे,वे सारे के सारे प्रदेश की सरकार को भेजे जाएंगे। उपरोक्त जानकारी देते हुए सर्व कर्मचारी संघ के जिला सचिव सेवा राम बड़सर और जिला प्रेस प्रवक्ता कृष्ण कुमार निर्माण ने बताया कि कर्मचारियों की मुख्य मांगों में यह है कि प्रदेश के कर्मचारियों के लिए अलग से वेतन आयोग का गठन किया जाए।

### टिन के शैड मे लगी अज्ञात कारणों से आग

**इंद्री।** इंद्री-करनाल रोड पर गांव धमनहेरी के समीप पूजा नर्सरी में बने टिन के शैड मे रात को अज्ञात कारणों से आग लग गई । जिससे शैड में रखा सामान जलकर राख हो गया । घटना की सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई तो फायर ब्रिगेड की गाडी ने तुरंत मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया । इस बारे में जानकारी देते हुए नर्सरी मालिक हरीश ने बताया कि वह रात को करीब 10 बजे नर्सरी को ठीक-ठाक बंद करके गया था सुबह किसी व्यक्ति ने उन्हें फोन पर जानकारी दी कि उनकी नर्सरी में बने शैड में आग लगी हुई है वह तुरंत मौके पर पहुंचे और आग लगने की सुचना फायर ब्रिगेड को दी ।

### श्री घंटाकर्ण भक्तों को करते हैं मालामाल

**करनाल।** महाप्रभावी श्री घंटाकर्ण महावीर देवता के विशेष कृपा दिवस कृष्ण चौदस पर भक्ति संगम का आयोजन श्री घंटाकर्ण महावीर तीर्थस्थान, इंद्री रोड़ पर भक्ति भावनापूर्वक किया गया। सर्वप्रथम श्री घंटाकर्ण बीजमंत्र के सामूहिक जाप से लोकमंगल तथा सभी के कल्याण की कामना की गई। मुनि संयमेश, मुनि अभिनव, साध्वी जागृति - सीयल, शान्ति-मणि ने सुमधुर भक्तिगीतों से समा बांधा।

### राइजिंग सन पब्लिक स्कूल में दी विदाई पार्टी

**घरौंडा।** राइजिंग सन पब्लिक स्कूल मधुबन करनाल में विदाई समारोह का आयोजन किया गया । स्कूल के प्रांगण में कक्षा 11वीं के छात्रों ने 12 वीं के छात्रों को विदाई के अवसर पर अपनी शुभ कामनाएँ दी । इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ 11 वीं कक्षा के छात्रों द्वारा अध्यापकों और 12 वीं कक्षा के विद्यार्थियों पर फूल बरसा कर किया गया। इस अवसर पर स्कूल

### प्रतियोगिताओं में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

**करनाल।** पंडित चिरंजी लाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय, करनाल के कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ एवं आंतरिक शिकायत समिति के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता ,पेंटिंग व नारा लेखन, निबंध लेखन, कविता पाठ , भाषण , वाद विवाद , पी.पी.टी प्रतियोगिताओं का महाविद्यालय स्तर पर आयोजन किया गया । कार्यक्रम को महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर रेखा त्यागी ने भी संबोधित किया।

---

17 एजेंडों पर हुई चर्चा, एडीसी ने समस्याओं के शीघ्र समाधान करने के दिए निर्देश

# सड़कों की खराब हालत के बारे में 'हरपथ एप' पर दे सकते हैं सूचना, होगा समाधान

### जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल




अतिरिक्त उपायुक्त यश जालुका ने आम जनता का आह्वान किया कि सडक़ सुरक्षा व यातायात नियमों तथा चिह्नों की पालना सुनिश्चित की जाए। इससे जहां सडक़ दुर्घटनाओं में कमी आएगी वहीं लोगों का जीवन भी सुरक्षित रहेगा। उन्होंने अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि वे सडक़ों से संबंधित छोटी-छोटी समस्याओं को प्राथमिकता दें और उनका तुरंत समाधान करें, इससे दुर्घटनाओं पर रोक लग सकती है। अतिरिक्त उपायुक्त वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला स्तरीय सडक़ सुरक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में कुल 17 एजेंडे रखे गए जिनमें 5 नए तथा 12 पुराने एजेंडे शामिल थे। समीक्षा के दौरान आरटीए विजय देशवाल ने बताया कि पुराने एजेंडों में से 4 मामलों का समाधान हो गया है तथा 8 मामलों से संबंधित कार्य प्रगति पर है। जिस पर अतिरिक्त उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन समस्याओं का भी जल्द समाधान किया जाए ताकि आमजन को परेशानी का सामना न करना पड़े। इस मौके पर आरटीए विजय देसवाल ने सभी बिंदुओं को पीपीटी के माध्यम से सभी के सामने रखा। उन्होंने बताया कि आरटीए विभाग द्वारा दिसंबर माह में ओवरलोडिंग के 582 चालान किए गए। उन्होंने बताया कि इन चालानों से 1 करोड़ 30 लाख 28 हजार 500 रुपये की राशि का जुर्माना किया गया। इसके अलावा पुलिस विभाग द्वारा जनवरी माह में 15 हजार 724 चालान किए गए और 21 लाख 30 हजार 300 रुपये की राशि वसूल की गई।

#### चालान रिपोर्ट की समीक्षा की

बैठक में चालान रिपोर्ट की समीक्षा के दौरान पुलिस अधीक्षक गंगाराम पुनिया ने कहा कि सडक़ सुरक्षा व यातायात नियमों की पालना के लिए आमजन को जागरूक किया जाए तथा सडक़ों पर साईन बोर्ड, जेब्रा क्रॉसिंग, सफेद पट्टी, स्पीड ब्रेकर इत्यादि की व्यवस्था की जाए। इसके अलावा ट्रेफिक लाईट व सीसीटीवी कैमरे चालू अवस्था में होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि शहर की सडक़ों पर स्थापित ट्रेफिक लाईटों के पास स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत एलईडी लगी हुई है। इन एलईडी पर आई ट्रिपल सी के माध्यम से सडक़ सुरक्षा व यातायात नियमों तथा यातायात चेतावनी चिह्न तथा लाईन मार्किंग तथा जेब्रा क्रॉसिंग ईत्यादि के बारे में बार-बार घोषणा होती रहे।

#### बैठक में नए मामलों पर सिलसिलेवार चर्च

बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त ने जिला सडक़ सुरक्षा समिति की बैठक में रखे गए नए मामलों पर सिलसिलेवार चर्चा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग पर नीलोखेड़ी में भारत पेट्रोल पंप के नजदीक बने अवैध कट के कारण गलत दिशा से आने वाले वाहनों के कारण सडक़ दुर्घटना की संभावना रहती है। इस विषय के समाधान के लिए अतिरिक्त उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए। इसी प्रकार से गांव शामगढ़ के नजदीक जीओ पेट्रोल पंप के सामने से लेकर सर्विस रोड पर गहरे गड्ढे बने हुए हैं, करनाल शहर के सैक्टर 7-8 चौक पर ओपीएस प्लाजा के पास करनाल से पानीपत जाने वाली सर्विस रोड की खस्ता हालत तथा निर्मल कुटिया चौक पर गहरे गड्ढे बने हुए हैं, जिनसे सडक़ दुर्घटना होने की संभावना रहती है। इस पर अतिरिक्त उपायुक्त ने इन संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जल्द से जल्द इन सडक़ों की मरम्मत करवाएं। इसी प्रकार से शिव कॉलोनी गली नंबर 9 के सामने रेनवॉटर होल का ढक्कन टूटा हुआ है जिसके कारण कभी भी दुर्घटना घटित हो सकती है। अतिरिक्त उपायुक्त ने इस विषय को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम की कार्यकारी अभियंता को निर्देश दिए कि इसे तुरंत प्रभाव से ठीक करवाया जाए और इसकी रिपोर्ट कार्यालय भिजवाएं। उन्होंने आम जनता से अपील की कि सडक़ों की खराब हालत के बारे में 'हरपथ ऐप' पर सूचना दे सकते हैं जिसका निर्धारित समय अवधि के अंदर निर्धारित विभाग द्वारा समाधान करवाया जाएगा।

#### दिक्कत होने पर एसडीएम को करें सूचित

अतिरिक्त उपायुक्त ने निजी स्कूल बस के चालकों के प्रशिक्षण को लेकर निर्देश दिए कि हर बस चालक को प्रशिक्षण अवश्य दिया जाए इसके लिए आरटीए कार्यालय की ओर से एक शेड्यूल बनाकर जिला शिक्षा अधिकारी को भेजा जाए ताकि वे संबंधित स्कूलों को शेड्यूल के अनुसार प्रशिक्षण के लिए निजी स्कूल बसों के संचालकों को भिजवा सकें। अगर कहीं पर कोई दिक्कत आती है तो इस बारे संबंधित एसडीएम को सूचित करें। स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत सभी स्कूल बसों की नियमित रूप से चेकिंग की जाए तथा पॉलिसी के तहत आवश्यक नियमों की पालना सुनिश्चित की जाए। बैठक में आरटीए ने बताया कि जिला में करीब 1250 निजी स्कूल बसें हैं जिनमें से अब तक 1 हजार से अधिक निजी स्कूल बसों की जांच की जा चुकी है और शेष बसों की भी जल्द की जाएगी। सडक़ दुर्घटना में घायल लोगों के सुविधा के लिए शुरू की गई कैशलेस ट्रीटमेंट योजना की समीक्षा करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि वे इस योजना के प्रभावशाली क्रियान्वयन को लेकर आईएमए के प्रतिनिधियों के साथ मीटिंग करें और सभी प्राइवेट अस्पतालों में इस योजना की जानकारी से सबंधित साधारण भाषा में लिखा हुआ फ्लैक्स बोर्ड अवश्य लगवाएं।

---




# हरियाणा में बनेगी ट्रिपल इंजन की सरकारः अरविंद

- मंत्री अरविंद शर्मा ने लोगों से भाजपा के लिए वोट की अपील की

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

प्रदेश के सहकारिता, पर्यटन,व कारागार मंत्री एवं करनाल से पूर्व लोकसभा सांसद डा अरविंद शर्मा ने नगर निगम चुनावों में लोगों को अधिक से अधिक मतदान की अपील करने के लिए करनाल पंहुचे।इस दौरान उन्होंने सारस्वत भवन सैक्टर 8,गांव दहा,स्थानीय नई अनाज मंडी, वसंत विहार एवं शिव कालोनी में पंहुच कर लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की। इस अवसर पर सारस्वत ब्राह्मण सभा के सदस्यों द्वारा डा अरविंद शर्मा को फरसा देकर सम्मानित किया। सैक्टर 8 के सारस्वत भवन में आयोजित कार्यक्रम में अधिक से अधिक मतदान की अपील करते हुए प्रदेश के सहकारिता, पर्यटन व कारागार मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि हरियाणा में विकास प्रगति पर है और प्रदेश सरकार नॉन स्टॉप विकास कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सबका साथ-सबका विकास व सबका विश्वास के सिद्धांत पर कार्य हो रहे हैं। मैं ये दावे के साथ कहता हूं कि लोगों के आशीर्वाद से करनाल नगर निगम में भी ट्रिपल इंजन की भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी और सभी 20 वार्डों में कमल खिलेगा। इस मौके पर करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि आने वाली 2 मार्च को करनाल के लोग कमल खिलाएंगे और नगर निगम में भाजपा का मेयर बनेगा तथा सभी 20 वार्डों में भाजपा के निगम पार्षद विजयी होंगे। इस मौके पर करनाल विधायक जगमोहन आनंद सहित जिला प्रभारी भारत भूषण जुआल, मेयर जिला महामंत्री प्रत्याशी रेणु बाला गुप्ता, जिला महामंत्री सुनील गोयल,जिला मीडिया प्रभारी डा अशोक कुमार, एडवोकेट प्रवेश शर्मा, सरदार तिर्लोचन सिंह, मीना चौहान,पार्षद प्रत्याशी सुजाता अरोड़ा, मंडल अध्यक्ष गौरव खुराना, प्रधान अशोक शर्मा, महेंद्र पाल वत्स,प्यारे लाल,गुरचरण लखनपाल, सुभाष शर्मा, राम कुमार शर्मा, सुभाष कोंड, बलविंदर शर्मा, सुरेन्द्र बड़ौता, किशोर नागपाल, कंवल भसीन, कुलदीप पंडित एवं शाम लाल शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

---

# हवन कर शहीदों को किया याद

- भारत नवनिर्माण सेना ने मनाया शहीद चंद्रशेखर आजाद का बलिदान दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭इंद्री



**इंद्री।** भारत नवनिर्माण सेना हरियाणा की ओर से शहीद चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर हवन यज्ञ करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

भारत नवनिर्माण सेना हरियाणा की ओर से हर वर्ष की भांति इस बार भी शहीद चंद्रशेखर आजाद का बलिदान दिवस ब्राह्मण धर्मशाला इंद्री में भारत नवनिर्माण सेना के प्रदेशाध्यक्ष पंडित धर्मपाल शांडिल्य की अध्यक्षता मे मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत हवन यज्ञ व राष्ट्रीय गीत के साथ की गई । इस मौके पर धर्मपाल शांडिल्य ने कहा कि देश को आजाद कराने के लिए हमारे अनेको वीरों ने अपना बलिदान दिया और आजादी की लड़ाई में हमारे शहीदों की अहम भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि हमें अपने युवाओं को शहीदों के बलिदान के बारे मे अवगत करवाना होगा ताकि हमारी युवा पीढी शहीदों के बलिदान से प्रेरणा लेकर देशहित में अपना अहम योगदान दे सकें। उन्होंने कहा कि हमे शहीदों के बलिदान को हमेशा याद रखना चाहिए क्योंकि आज हम शहीदों की बदौलत ही खुली हवा मे सांस ले रहे है। इस मौके पर उपस्थित लोगों को गौ हत्या, कन्या भ्रूण हत्या व नशाखोरी रोकने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम मे डा हरबंस भारद्वाज, रामपाल चहल, मेहर सिंह, धर्मपाल आर्य, भरतराम, पवन कबीरपंथी, कर्मसिंह सैनी, यशपाल व गुरदयाल सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

---

# प्राचीन शिव मंदिर में विशाल भंडार लगाया

- रात्रि शिव जागरण का कार्यक्रम किया गया व गुरूवार को विशाल भंडारा

हरिभूमि न्यूज ⏭तरावड़ी



**तरावड़ी।** जानकारी देते महंत जसवंत नाथ एवं सरपंच मनोज नाथ व श्रद्धालु भंडारा रूपी प्रसाद ग्रहण करते हुये।

हर वर्ष की भांति इस बार भी तरावड़ी के डेरा जोगी माजरा स्थित प्राचीन शिव मंदिर में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर 44वें वार्षिक भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिवरात्रि पर मंदिर परिसर मे शिव जागरण किया गया उसके तत्पश्चात हवन यज्ञ किया गया। हवन यज्ञ में अशोक राणा, सरदार मलकीत सिंह, बलविन्द्र सिंह, चानन सिंह, सरपंच मनोज नाथ, बाबा जसवन्त सिंह, अशोक लाहोरिया, विनोद कुमार सहित शहर के राईस मिलर्स ओं ने भाग लिया। मंदिर के महंत एवं सिद्ध बाबा भक्ति योग ट्रस्ट के मुखिया जसवंत नाथ ने बताया कि भगवान शिव का यह प्राचीन मंदिर लगभग 50 वर्ष पुराना है। इस मंदिर में दूर-दूर से श्रद्धालु अपनी मनोकामना लेकर भगवान शिव के चरणों में शीश नवाते हैं और मुंह मांगा फल पाते हैं। महाशिवरात्रि को भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह की वर्षगांठ के रूप में मनाया जाता है। धार्मिक और पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, महाशिवरात्रि महादेव और माता पार्वती के विवाह की तिथि है। हर वर्ष महाशिवरात्रि के पावन पर्व के अवसर पर दानदाताओं के सहयोग से विशेष रूप से तरावड़ी के राइस मिल मालिकों द्वारा दिए गए सहयोग से प्रसाद रूपी भंडारे में देसी घी से लड्डू, जलेबी, हलवा, कढ़ी चावल का भंडारा बनाया गया हैं। जिसमे हजारों की सख्या मे व आसपास के गांवों के लोगों भंडारा रूपी प्रसाद ग्रहण किया।

---

# जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने किया निरीक्षण

- अदालतों का निरीक्षण किया व आवश्यक दिशा-निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल



जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष चंद्रशेखर वीरवार को सब डिवीजन, इन्द्री पहुंचे जहां उन्होंने वहां स्थापित अदालतों का निरीक्षण किया व आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने प्लेस ऑफ सेफ्टी व एम डी डी बाल भवन का भी निरीक्षण किया व आवश्यक मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर उनके साथ मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इरम हसन भी उपस्थित रहीं। इसके अलावा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राजकीय महाविद्यालय में विद्यार्थियों व स्टाफ के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जहां पहुंचने पर प्रधानाचार्य रेखा त्यागी ने सीजेएम इरम हसन का स्वागत किया व आभार प्रकट किया। सीजेएम इरम हसन ने उपस्थित विद्यार्थियों व स्टाफ को कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न बारे जानकारी प्रदान की। इसके बाद सीजेएम इरम हसन स्लम एरिया, बस स्टैंड, करनाल पहुंचीं जहां रह रही महिलाओं को कैम्पेन स्वच्छता सखी बारे जानकारी देते हुए महिलाओं को मासिक धर्म संबधित भ्रमों से दूर रहने व स्वास्थ्य के प्रति सजग रहते हुए सैनिटरी नैपकीन का प्रयोग का आग्रह किया। उन्होंने महिलाओं को सैनिटरी नैपकीन प्रदान कर सैनिटरी नैपकिन का उपयोग करने हेतु प्रेरित किया।


#### बैठक का आयोजन

इसके बाद जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष चंद्रशेखर की अध्यक्षता में जिला न्यायालय में सभी ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट, करनाल के लिए बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ. इरम हसन ने बताया कि 8 मार्च 2025 को जिला न्यायालय, करनाल की अदालतों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है जिसमें कोई भी व्यक्ति अदालतों में लंबित मुकदमों का निपटारा आपसी समझौते के जरिए कर सकता है। इसके अलावा प्री लिटिगेशन स्टेज के मुकदमे स्थाई लोक अदालत में रखकर उनका निपटारा कर सकते हैं। अधिक जानकारी हेतु हेल्पलाइन नं. 0184-2266138 व 15100 संपर्क किया जा सकता है।

---

# निगम शहर के सौंदर्य को दे रहा बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल



नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने कहा कि शहर के सौंदर्यकरण को बढ़ावा देने के लिए नगर निगम कोई कौर कसर नहीं छोड़ रहा हैं। इसके तहत शहर की विभिन्न जगहों पर पेंटिंग के कार्य करवाए गए हैं। उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति इन पेंटिंग को कुरूप करते पाया जाता है तो नगर निगम उसके विरूद्घ सख्त कार्रवाई अमल में अवश्य लाएगा। उन्होंने कहा कि शहर की सुंदरता में इजाफा करने के लिए बीतों दिनो राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई थी। इसके अतिरिक्त विभिन्न जगहों पर वाल पेंटिंग के कार्य करवाए गए हैं। उन्होंने स्पष्टां किया कि कोई भी व्यक्ति इन पेंटिंग को पोस्टर इत्यादि लगाकर खराब न करें, अन्यथा उनके विरूद्घ हरियाणा सम्पत्ति विरूपण निवारण अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि कार्रवाई में भारी जुर्माना के साथ-साथ एफ.आई.आर. भी दर्ज करवाई जा सकती है। इन जगहों पर करवाई गई है पेंटिंग- उन्होंने बताया कि दयाल सिंह कॉलेज की दीवार, राजकीय कन्या महाविद्यालय की दीवार, एस.डी. मॉडल स्कूल के सामने की दीवार, महर्षि अग्रसेन चौक से महात्मा गांधी चौक दीवार तथा के.आर. सिनेमा की दीवार पर पेंटिंग के कार्य करवाए गए हैं। इसके अतिरिक्त राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज की दीवार पर भी पेंटिंग करवाई गई है।

---

# फिरोज़ी ने देसी हिप-हॉप को नए अंदाज में पेश किया

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

एक नए अंदाज में देसी हिपहॉप का मजा लेने के लिए तैयार हो जाईये क्योंकि फिरोज़ी छः सदस्यों के अपने ट्रेलब्लेज़िंग ग्रुप के साथ अपना पहला एलबम पेश कर रहे हैं। इस ग्रुप ने दो शानदार सिंगल्स, ''फरीदा ड्रिप'' और ''51 गढ़'' के साथ हलचल मचा दी है, जो आवाज की दुनिया में एक नई क्रांति का संकेत दे रही है। ''51 गढ़'' आत्मविश्वास और आक्रामकता का गीत है, जो कलाकारों के तेजतर्रार शब्दों से उन लोगों को चेतावनी दे रहा है, जो उन्हें चुनौती देने की हिम्मत करते हैं। दूसरी तरफ, 'फरीदा ड्रिप' आत्मविश्वास और अंदाज की बेहतरीन रचना है, जिसकी शुरुआत से लेकर जो अपनी शुरुआत से ही जबरदस्त बोलों के साथ फिरोज़ी की प्रभावशाली मौजूदगी का प्रदर्शन करता है। जीरोटूवन के शानदार प्रोडक्शन के साथ इसकी हर बीट एक यादगार छाप छोड़ती है। फिरोज़ीः द अराईवल'' शीर्षक का यह एलबम भावनाओं और श्रेणियों का बेहतरीन फ्यूज़न पेश कर रहा है। इसमें पाँच अतिरिक्त ट्रैक हैं 'एगोनी' एक चिंतनशील सिंगल है, जो हिपहॉप के भावनाशील और विचारशील पहलू को उजागर करता है।

---

पोलिंग पार्टियों को संबोधित करते हुए एसडीएम ने दिए जरूरी निर्देश

# पोलिंग पार्टियों को मतदान का दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭इंद्री



**इंद्री।** बीडीपीओ कार्यालय इंद्री मे पोलिंग पार्टियों को वोटिंग करवाने के लिए प्रशिक्षण देते अधिकारी। *फोटो: हरिभूमि*

खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय के सभागार में आयोजित ईवीएम हैंड ऑन ट्रेनिंग के दौरान पोलिंग पार्टियों को संबोधित करते हुए एसडीएम एवं रिटर्निंग अधिकारी अशोक मुंजाल ने कहा कि चुनाव प्रणाली को समझने और चुनाव को पारदर्शिता के साथ करवाने के लिए प्रशिक्षण बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पोलिंग पार्टियां अपने-अपने बूथों पर जाकर व्यवस्था को अच्छी तरह से जांच लें, यदि कोई कमी महसूस हो तो संबंधित उच्च अधिकारी के संज्ञान में लेकर आएं। उन्होंने पोलिंग पार्टियों को निर्देश दिए कि वे ईवीएम मशीन की अच्छी तरह से जानकारी प्राप्त कर लें, क्योंकि ईवीएम की पूरी जानकारी के बिना हम मतदान प्रक्रिया अच्छी तरह से नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि पोलिंग प्रक्रिया के दौरान ईवीएम मशीन खराब होने पर घबराएं नहीं, बल्कि संयम से काम लेते हुए संबंधित सेक्टर ऑफिसर को सूचित करें, ताकि समय पर व्यवस्था की जा सके।

#### मतदान प्रकिया को लेकर प्रशासन अलर्ट

एसडीएम एवं रिटर्निंग अधिकारी अशोक मुंजाल बताया कि नगरपालिका के 14 वार्डों में नगर पालिका अध्यक्ष पद व नगर पार्षदों के पदों के लिए मतदान होगा। उन्होंने बताया कि वार्ड नम्बर 2,4, व 14 वार्ड में सर्वसम्मति से नगर पार्षदों का चयन कर लिया गया है, इसलिए 2,4,14 वार्डों में नगरपालिका के अध्यक्ष पद के चुनाव ही होगें। उन्होंने बताया कि मतदान प्रक्रिया से पूर्व सुबह 7 बजे मॉक पोल करवाना अवश्य सुनिश्चित करें। चुनाव शुरू होने से पहले किया जाने वाला मॉक पोल चुनाव को पारदर्शी बनाने की सबसे अहम कसौटी है। उन्होंने बताया कि 2 मार्च को मतदान सुबह आठ बजे शुरू हो जाना चाहिए। इसलिए अपनी मॉक पोल की प्रक्रिया सुबह 7 बजे से शुरू कर दें और इसे सभी चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के एजेंटों की उपस्थिति में करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक जारी रहेगी। मतदान केंद्रों के 100 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार की प्रचार-सामग्री नहीं होनी चाहिए।

## खबर संक्षेप

### लोक अदालत का आयोजन आठ को

**पानीपत।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवम मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मीनू ने बताया कि न्यायमूर्ति लिसा गिल, न्यायाधीश, पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय तथा कार्यकारी अध्यक्ष, हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार व सुदेश कुमार शर्मा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं चेयरपर्सन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पानीपत के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण सेशन डिवीजन पानीपत में आठ मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन करने जा रही है।

### निर्वाचन सम्मेलन चार को

**पानीपत।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग ने 4 व 5 मार्च 2025 को भारत अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र एवं चुनाव प्रबंधन संस्थान, नई दिल्ली में सभी राज्यों व/केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के साथ दो दिवसीय सम्मेलन निर्धारित किया है।

### श्रद्धालुओं ने शिवलिंग का रुद्राभिषेक किया

**पानीपत।** पानीपत के गांव निम्बरी स्थित श्री सोमनाथ धाम आश्रम के शिवालय में भक्तों ने पंक्तिबद्ध हो कर शिवलिंग का रुद्राभिषेक किया।

### एसडी पीजी कॉलेज में चार दिवसीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस कार्यक्रमों का दूसरा दिन

# विज्ञान प्रदर्शनी में पराली से एथेनॉल उत्पादन मॉडल रहा प्रथम

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत**

एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में चार दिवसीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस कार्यक्रमों के दूसरे दिन वीरवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों और कालेजों के लगभग 150 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि कॉलेज प्रधान दिनेश गोयल ने की। वहीं,मेहमान का स्वागत प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा ने किया। आज की प्रतियोगिता की जूरी में प्रो. राकेश कुमार सिंगला, प्रो प्रवीन आर खेरडे और प्रो. मयंक अरोड़ा शामिल रहे। वहीं, विज्ञान प्रदर्शनी में कॉलेज के अलावा महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी रोहतक, करनाल, कैथल, अम्बाला आदि जिलों से आये प्रतिभागियों ने पंजीकरण करवाया। प्रत्येक प्रतिभागी टीम में तीन विद्यार्थी थे और मॉडल्स भौतिकी, रसायन, गणित, प्राणी शास्त्र, वनस्पति शास्त्र और कंप्यूटर साइंस विषयों पर आधारित रहे। विज्ञान प्रदर्शनी के समन्वयक डॉ. बलजिंदर सिंह, डॉ. रविकुमार, डॉ. प्रियंका चांदना, डॉ. रेखा, डॉ. प्रवीण कुमारी, डॉ. प्रोमिला, प्रो साक्षी और प्रो सुमन रहे। रणजीत, तन्नु और श्रिष्टी द्वारा बनाये गया 'प्रोडक्शन ऑफ़ एथेनॉल फ्रॉम राइस स्ट्रॉ' का क्रियाशील मॉडल मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। इस मॉडल में दिखाया गया की कैसे चावल की स्ट्रॉ से एथनोल बनाया जा सकता है और कैसे पराली की समस्या का समाधान निकाला जा सकता है। इस एथेनॉल को इंधन और अन्य विकल्पों में प्रयोग में लाया जा सकता है। इसी मॉडल को प्रथम स्थान मिला। इधर, अनूप जैन, निकेश और अजय द्वारा बनाए गए 'सोरटीफाय' मॉडल को द्वितीय पुरस्कार मिला। इस मॉडल में एक ऐसे यंत्र को बनाया गया जो सूखे, गीले, धातु वाले या अन्य किसी भी प्रकार के कचरे की पहचान करके उसे अलग-अलग एवं उचित स्थानों में डालता है। सेंसर की मदद से बनाये गए इस मॉडल को भी खूब सराहना मिली। प्रियांशु और दिवान्शु द्वारा बनाये गए 'सोलर ट्रेकर' मॉडल को तृतीय पुरस्कार मिला। इस मॉडल में सोलर पैनल को दिन के समय हमेशा सूर्य की तरफ रखने वाले यंत्रों से जोड़ा गया ताकि सोलर पैनल सूर्य के प्रकाश को 100 प्रतिशत लेते रहे। इससे हमें सर्वाधिक उर्जा मिलेगी और सूर्य की बदलती दिशा के अनुसार पैनल भी अपनी दिशा बदलेगे। जबकि सांत्वना पुरस्कार अंजलि, आर्य और रेणुका के मॉडल 'सायकोमेट्रिक टेस्ट्स' कोमिला। साइकोमेट्रिक परीक्षण एक मानकीकृत मूल्यांकन है जो किसी व्यक्ति के कौशल, व्यक्तित्व और क्षमताओं को मापता है। इनका उपयोग अक्सर नियुक्ति प्रक्रिया में यह निर्धारित करने में मदद के लिए किया जाता है कि कोई उम्मीदवार नौकरी के लिए उपयुक्त है या नहीं। इसका इस्तेमाल किसी उम्मीदवार की ताकत और कमजोरियों की पहचान करने में, संभावित कैरियर पथों की पहचान करने में, सबसे उपयुक्त उम्मीदवारों की स्क्रीनिंग करने में और प्रदर्शन एवं व्यवहार पैटर्न की भविष्यवाणी करने में किया जाता है। प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा ने कहा कि इस तरह की विज्ञान प्रदर्शनियों और अन्य प्रतियोगिताओं को आयोजित करने का उद्देश्य विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति जागृत करना है। नए प्रयोग नई सोच को बढ़ावा देते है जिनसे ही जिम्मेदार नागरिक तथा वैज्ञानिक तैयार होते है। विज्ञान हर नए अनुसंधान के साथ मानव जीवन को अधिक सरल बनाता चला जा रहा है।



पानीपत। एसडी कॉलेज में दीप जला कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए अतिथिगण। फोटो :हरिभूमि



पानीपत। भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, जेजेपी नेताओं को पार्टी में शामिक करते हुए।

# जेजेपी नेताओं ने भाजपा का दामन थामा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत**

भाजपा में विरोधी दलों के नेताओं के आगमन का सिलसिला वीरवार को भी जारी रहा। भाजपा के जिलाध्यक्ष समालखा विधानसभा क्षेत्र की जेजेपी की महिला मोर्चा उपाध्यक्ष, हलका अध्यक्ष लेखराज खट्टर एवं पूर्व जिला पार्षद सुभाष शर्मा ने भाजपा नेता गंगा राम स्वामी के नेतृत्व में भाजपा पार्टी का दामन थाम लिया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने पार्टी में आए इन सभी नेताओं को भाजपा का पटका पहनाकर सम्मानित किया और सभी नेताओं को विश्वास दिलाया कि भाजपा में उन्हें पूरा मान सम्मान दिया जाएगा। इस अवसर पर काबड़ी मंडल अध्यक्ष अतर सिंह प्रजापत, सुधीर बडौली, प्रमोद कुराड़िया, विनीत कुंडू, सिद्धांत गुर्जर, ओम दत्त आर्य, सुमित जागलान, महावीर दहिया, जयदेव नौल्था, प्रेम वर्मा, मयंक भट्ट देवांशू वर्मा भी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

### जीएसटी एम्निस्टी योजना का लाभ लें : शर्मा

**पानीपत।** वित्तीय वर्ष 2017-18, 2018-19 और 2019-20 के दौरान नोटिस/आदेश प्राप्त कारोबारियों के लिए जीएसटी विभाग द्वारा संचालित जीएसटी एम्निस्टी योजना बड़ी राहत लेकर आई है। इस योजना के अंतर्गत कारोबारियों को 31 मार्च 2025 तक केवल बकाया टैक्स जमा करना होगा। इस योजना के तहत आवेदन आवेदन करने की अवधि 30 जून 2025 तक रहेगी और ब्याज और जुर्माने से पूरी तरह छूट मिलेगी। डीईटीसी पुनीत शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इसका उद्देश्य व्यापारिक जगत को वित्तीय दबाव से राहत देना है।

**योजना की मुख्य विशेषताएं:** 31 मार्च 2025 तक (बकाया टैक्स जमा करवाने की तारीख) 30 जून 2025 तक (आवेदन करने की तारीख)। वित्त वर्ष 2017-18, 2018-19, 2019-20 के नोटिस/आदेश प्राप्त कर दाता को ब्याज और जुर्माने में छूट रहेगी तथा आवेदन प्रक्रिया जीएसटी पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन रहेगी। उन्होंने बताया कि उपरोक्त योजना की अधिक जानकारी के लिए सप्ताह के किसी भी कार्य दिवस मे कार्यालय में आकर अपने वार्ड से संबंधित अधिकारी से सम्पर्क किया जा सकता है।

# हैंडबॉल में आर्य कॉलेज की महिला टीम ने सिल्वर जीता

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत**

कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित इंटर कॉलेज महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप में आर्य कॉलेज की खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल जीत कर कॉलेज का नाम रोशन किया। वीरवार को कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने विजेता खिलाड़ियों का कॉलेज प्रांगण में पहुंचाने पर स्वागत करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की व साथ ही कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग के सभी प्राध्यापकों व कोच को इस उपलब्धि पर बधाई दी। कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 24-25 फरवरी को कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय के खेल परिसर में आयोजित इंटर कॉलेज महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप में आर्य कॉलेज की खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लौहा मनवाते हुए चैंपियशिप के पहले मैच में एस.ए जैन कॉलेज, अंबाला सिटी को 29-22 के अंतर से हराया। वहीं तीसरे मैच में एसडी कॉलेज, अंबाला कैंट को 26-22 के स्कोर से हराकर सिल्वर पर कब्जा कर किया व साथ ही कॉलेज की खिलाड़ी सपना, मन्नु, शीतल व कमलेश का चयन इंटर यूनिवर्सिटी के लिए भी हुआ है। डॉ. गुप्ता ने बताया कि आर्य कॉलेज के खिलाड़ी हर खेल में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं।



आर्य कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता के साथ विजेता खिलाड़ी। फोटो :हरिभूमि

# धैर्य व विनम्रता से करें समस्या का समाधानः डॉ. दहिया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत**

- समाधान शिविर के प्रति बनें जनता के विश्वास को न टुटने दें : सिंह
- जनता समाधान शिविर पूरी तरह से जनता के मानकों पर खरा उतर रहा

उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने वीरवार को जिला सचिवालय सभागार में आयोजित जनता समाधान शिविर में जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए कहा कि अधिकारियों को निर्देश दिए की वे समस्याओं के समाधान को लेकर किसी भी प्रकार की जल्दबाजी ना करें। धैर्य व विनम्रता पूर्वक हर समस्या का समाधान करें। उन्होंने कहा की हमें परिणोन्मुख बन कर जनता का आशीर्वाद ग्रहण करना है यह सब हमारी ईमानदारी से की गई मेहनत से ही संभव हो पाएगा। उन्होंने कहा कि जनता समाधान शिविर पूरी तरह से जनता के मानकों पर खरा उतर रहा है। जनता द्वारा समस्याओं के समाधान को लेकर किये जा रहे। मूल्यांकन में अच्छी रेंकिग मिल रही है। समस्याओं को कम से कम समय में होगी उन्मूलन अधिकारियों की समझ का परिणाम है। उन्होंने कहा कि अभी अधिकारियों को जनता समाधान शिविर को लेकर लंबी लड़ाई लडन्नी है। लोगों की समस्याओं को जिस प्रकार अधिकारियों द्वारा वर्तमान में प्राथमिकता के आधार पर हल किया जा रहा है उसे बरकरार रखना है। जिले को समस्याओं से मुक्त करने का हमारा संकल्प बहुत जल्द पूरा होगा हमें इस विश्वास के साथ आगे कदम बढ़ाना है। समाधान शिविर में पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने कहा कि अधिकारी समस्याओं के समाधान में गहरी रूचि लें। जनता का जो विश्वास जनता समाधान शिविर के प्रति बना हुआ है उसे टुटने ना दे। उन्होंने पुलिस विभाग से संबंधित पहुंची समस्याओं का जल्द से जल्द निदान करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। एडीसी डॉ.पंकज ने कहा कि समाधान शिविर में जो समस्याएं पहुंच रही है। उन पर गंभीरता से कार्य किया जा रहा है। जनता समाधान शिविर में समस्याओं को लेकर आ रहे लोग भी इसे मानते हैं।



पानीपत। जनता समाधान शिविर में जनसुनवाई करते हुए अधिकारीगण। फोटो :हरिभूमि

### ऊर्जा बचाएने का आह्वान किया

**पानीपत।** आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भौतिकी विज्ञान के तत्वावधान में पावर प्वांट प्रजेन्टेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय ऊर्जा बचाओ जीवन बचाओ रहा। प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए प्राचार्या डॉ.शशि प्रभा मलिक ने कहा कि ऊर्जा संरक्षण मानवता के सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक होना चाहिए। पृथ्वी पर जीवन के संतुलन को बनाए रखने में संरक्षण एक महत्वपूर्ण कारक है। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान एंजेल, द्वितीय स्नेहा व तृतीय खुशी,पारुल का रहा। इस अवसर पर प्रो.सोनिया, उपप्राचार्या डॉ.किरण मदान, प्रो. भावना आदि उपस्थित रहे।

### राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने सौंपा मांगों का ज्ञापन

**कुरुक्षेत्र।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ कुरुक्षेत्र की जिला कार्यकारिणी जिला प्रधान राजेंद्र टंडन के नेतृत्व में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में मौलिक शिक्षा अधिकारी की गैर मौजूदगी में सेक्शन ऑफिसर रणजीत से मिलकर मांगों का ज्ञापन सौंपा। संगठन ने राज्यकार्यकारीणी आदेशानुसार 12वी कक्षा में 50% मार्क्स से कम के अध्यापकों के रोके गए एसीपी मामलों को तुरंत एसीपी लगाने बारे ज्ञापन दिया गया। सेक्शन ऑफिसर ने स्पष्ट किया कि ऑफिस के पास विभागीय आदेश होने के कारण एसीपी नहीं लगा सकते। 2017 बैच के नोशन बेनिफिट वाले पेंडिंग केस को क्लियर करने बारे मांग की गई। इसके बारे में अधिकारी द्वारा बताया गया की हमने 90% केस क्लियर कर दिए हैं। बाकी केस को बहुत जल्द निपटा दिया जाएगा। मिड डे मील से संबंधित समस्याओं पर चर्चा की गई। मौके पर जिला कोषाध्यक्ष सतीश भारद्वाज, जिला उपप्रधान रमेश मेहला, जिला सह सचिव सुरेश मुकीमपुर, जिला ऑडिटर नरेंद्र प्रकाश, लाडवा प्रधान अमन पाल, पिहोवा प्रधान राजेंद्र जांगड़ा, थानेश्वर प्रधान नरेश फूले, प्रदीप गुप्ता, जिले सिंह लाडवा, कार्यालय के विजेंद्र व प्रदीप मौजूद रहे।

# जीडी गोयंका में खेल दिवस पर बच्चों ने दिखाया दम

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत**

जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल में खेल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मशाल जलाकर चारों सदन के कप्तानों के नेतृत्व में मार्च पास्ट करके सलामी देते हुए किया गया। इस अवसर पर 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर रिले रेस, शॉट पुट, लॉन्ग रेस, टेडी बीयर रेस, कान रेस, बाल होल्डिंग रेस, बास्केट रेस, स्कूल रेडी रेस, लेमन रेस, वन लैग रेस आदि विभिन्न प्रकार की दौड़ करवाई गई। जिसमें अभिजोत, जैस्मिन बेस्ट एथलीट, नक्ष, तान्या, कनव, कार्तिकेय भावेश, वेदांत, तनवीर, जैस, अलिशा, संयम, हिमांक, लिनोय, निकुंज, युवान, आलोक, विनय व हिमांशी ने प्रथम स्थान हासिल किया। जबकि टेरेसा हाउस कॉक हाउस बना। विद्यालय के चेयरमैन अतुल जैन व डायरेक्टर मधु अग्रवाल, प्रधानाचार्या रेणुका अनेजा ने बच्चों को शुभकामनाएं दे बच्चों को मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर वाइस चेयरमैन युवराज जैन, सीए कमल किशोर, एडवाइजर मुस्कान जैन व बलराम शर्मा आदि मौजूद रहे।



पानीपत। जीडी गोयंका स्कूल में विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए चेयरमैन अतुल जैन । फोटो :हरिभूमि



### छात्रों को स्टेशनरी की वितरित

**कुरुक्षेत्र।** पंजाब नैशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा प्राथमिक विद्यालय नरकातारी में पढने वाले गरीब व कमजोर वर्ग के बच्चों के कल्याण के लिए तथा स्कूल व बच्चों की आवश्यकताओं की अनेक वस्तुएं भेंट की गई जिनमें लाइब्रेरी की किताबों के लिए एक बुक केस, एक आडियो सिस्टम, एक लोहे की अलमारी व स्कूल में पढ़ रहे सभी 100 विद्यार्थियों के लिए नोट बुक, जिओमैट्रिक बॉक्स, क्लर्स व पेंसिल प्रदान किए गए। इस अवसर पर अग्रणी जिला प्रबंधक, कुरुक्षेत्र मलकीत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में विशेष रूप से पधारे थे। उन्होंने बताया कि पंजाब नैशनल बैंक कापोर्रेट की अपनी सामाजिक जिम्मेदारी को सदैव निभाता आया है। उन्होंने बताया कि पी.एन.बी. आरसेटी द्वारा गोद लिए गए गाँव में बालिका कल्याण सहित अन्य समाज कल्याणकारी गतिविधियाँ की जाती हैं। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि स्कूल वह संस्थान है जहाँ बच्चों के चरित्र से लेकर भविष्य तक का निर्माण होता है व आज के बच्चे कल का भविष्य हैं।आरसेटी के डायरेक्टर राय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पंजाब नैशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, कुरुक्षेत्र ने कापोर्रेट की सामाजिक जिम्मेदारी को निभाने के लिए गांव नरकातारी को गोद लिया था।

# हिंद महासागर व्यापार का महत्वपूर्ण केंद्र

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र**

- कुवि के अंतरराष्ट्रीय इंडो पैसिफिक केन्द्र द्वारा राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित

परमिता त्रिपाठी, संयुक्त सचिव, विदेश मंत्रालय, भारत सरकार ने कहा कि हिंद महासागर विश्व का तीसरा सबसे बड़ा महासागर है। यह न केवल जल एक महत्वपूर्ण स्त्रोत है बल्कि ऐतिहासिक काल से व्यापार तथा आर्थिक विकास का केन्द्र भी है। हिन्द महासागर पर प्रभावी नियंत्रण के बिना कोई देश वैश्विक शक्ति का दर्जा प्राप्त नहीं कर सकता। वे गुरुवार को इंडियन कांउसिल ऑफ वर्ल्ड अफेयर्स (आईओआरए), नई दिल्ली तथा इंटनेशनल सेंटर फॉर इंडो पैसिफिक स्टडीज(आईसीआईपीएस) तथा अर्थशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में इंडिया एंड आईओआरएः पाथवेज अहेड विषय पर आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में बतौर मुख्यातिथि बोल रही थी। उन्होंने कहा कि भारत ने क्षेत्रीय सहयोग के लिए हिंद महासागर रिम एसोसिएशन (आईओआर-एआरसी) के संस्थापक सदस्य के रूप में इसे एक गतिशील और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण अंतर-सरकारी संगठन बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।



कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए केयू कुलपति प्रो. ने कहा कि आज का सम्मेलन भारतीय महासागर क्षेत्र के सदस्य देशों के बीच संवाद, समझ और सहयोग को बढ़ावा देने के हमारे प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा।भारतीय विश्व मामले परिषद, नई दिल्ली की डॉ. प्रज्ञा पांडे ने कहा कि इस परिषद का उद्देश्य भारतीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मामलों के अध्ययन को बढ़ावा देना तथा अध्ययन के माध्यम से अन्य देशों के साथ भारत के संबंधों को बढ़ावा देना है। प्रो. अनिल सूकलाल, उच्चायुक्त, दक्षिण अफ्रीका गणराज्य, भारत, नई दिल्ली ने कहा कि आईओआरए हिंद महासागर में समुद्री सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। कुवि के इंडो-पैसिफिक केन्द्र के निदेशक प्रो. वी.एन. अत्री ने गणमान्यों का स्वागत किया।

**भक्ति** शोभायात्रा नगर भ्रमण करते हुए श्री राम चौक पहुंची

# श्रद्धालुओं ने बाबा महाकाल की शोभायात्रा निकाली

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत**

श्री कैलाशी सेवा समिति की द्वारा महाशिवरात्रि पर महामण्डलेश्वर श्री अरूण दास जी महाराज की अध्यक्षता में महाकाल की पालकी यात्रा निकाली गई। श्री जगन्नाथ मंदिर से राजा महाकाल की पालकी शोभायात्रा का नगर भ्रमण करते हुए श्री राम चौक पहुंची। शहर में कई स्थानों पर पालकी शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। भगवान शिव का सहस्त्रनाम द्वारा पुष्पाभिषेक एवं रात्रि काल में रूद्राभिषेक किया गया। मुख्य अतिथि पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज रहे तथा शिव पूजन निरंजन पराशर ने कराया। विशिष्ठ अतिथि के रूप में आरएसएस से राजेश गोयल, नरेश सिंगला, धनराज बंसल, सेवाराम सिंगला व सुभाष मित्तल रहें। जबकि विशेष आमंत्रित मेहमानों में भाजपा मेयर प्रत्याशी कोमल सैनी, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा, भाजपा नेता संजय अग्रवाल, पार्षद प्रत्याशी नवल जिंदल, कोमल पांचाल व गौरव गोयल रहे हैं। स्वागकर्ता राजीव जैन, विजय जैन, सनातन धर्म संगठन के प्रधान कृष्ण लाल रेवड़ी, श्रीराम सिंगला, सुशील सिंगला, अमित जिंदल, लार्ड शिवा से राजेश गोयल, वृन्दावन ट्रस्ट से राकेश बंसल, रोहन गोयल, हरगोबिन्द झाम्ब, सतीश जैन, पवन मितल, संजय बंसल, अजय सिंह राठौर, अजीत जैन व अशोक गोयल रहे। प्रधान अशोक कैलाशी व उनकी टीम ने सभी अतिथियों का पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर संदीप तायल, मा.नरेश गंगवानी,संजय धीमान, युधिष्ठर शर्मा, जेपी शर्मा, ललित वशिष्ट, नरेंद्र जिंदल, प्रदीप तायल, सुरेश प्रजापति, प्रेम गर्ग, लवली, कैप्तान सिंह मंडतोरा आदि मौजूद रहे।



पानीपत। बाबा महाकाल की पालकी शोभायात्रा का शुभारंभ करते हुए अतिथिगण । फोटो :हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### पीएनबी ने दिया वाटर कूलर

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने वीरवार को जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक (पीएनबी) बैंक द्वारा सीएसआर एक्टीविटी के तहत घेल कलां व भानोखेड़ी स्कूल में वाटर कूलर, अलमारी, कूलर उपलब्ध करवाने का काम किया। उपलब्ध करवाए गए सामान के वाहन को उपायुक्त ने झंडी दिखाकर सम्बन्धित स्कूलों के लिए रवाना भी किया। इस मौके पर उनके साथ जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक पुनीत कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार, डीआईपीआरओ धर्मेन्द्र कुमार, शिक्षा विभाग से डिप्टी सुपरीडैंट राजकुमार मौजूद रहे।

### ईवीएम मशीनों का रेंडमाइजेशन किया

**अंबाला।** निकाय चुनाव के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर की अध्यक्षता में नगर परिषद अंबाला छावनी व नगरपालिका बराड़ा के लिए ईवीएम मशीनों की रेंडमाइजेशन का कार्य किया गया। इस मौके पर सामान्य पर्यवेक्षक वीना हुड्डा, रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम अंबाला छावनी विनेश कुमार, रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम अमित भारद्वाज, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त पुनीत कुमार तथा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि व चुनाव में खड़े प्रत्याशियों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। इस पूरी प्रक्रिया की बकायदा वीडियोग्राफी भी करवाई गई।

### पांच शिकायतों का हुआ समाधान

**अंबाला।** जिला स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में वीरवार को मुख्य कार्यकारी शिवालिक डिवेलपमेंट बोर्ड एवं नगराधीश पूजा कुमारी ने यहां पहुंचे प्रार्थियों की समस्याओं को विस्तारपूर्वक सुनते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को शिकायत मार्क कर उनका निवारण करने बारे निर्देश दिए। समाधान शिविर में 5 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से पांचों शिकायतों का मौके पर ही निपटान कर दिया गया। इन शिकायतों में परिवार पहचान पत्र से जुड़ी शिकायत भी शामिल है।

### एलएलसी की मीटिंग में हुई समीक्षा

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि नेशनल ट्रस्ट एक्ट 1999 के तहत दिव्यांगजनों के लिए कानूनी अभिभावक नियुक्त करने का अधिकार है। इस एक्ट के तहत जो भी आवेदन प्राप्त होते हैं। उन आवेदनों के तहत गठित टीम तमाम औपचारिकताएं पूरी करते हुए प्रमाण पत्र उपलब्ध करवाएं। उपायुक्त वीरवार को अपने कार्यालय मे आयोजित जिला स्थानीय स्तर समिति(एलएलसी) की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

### अलमारी तोड़कर लाखों के जेवर व नकदी चुराई

**कैथल।** शहर के आजाद नगर में चोरों ने घर से अलमारी तोड़कर लाखों रुपये के आभूषण व नकदी चोरी कर ली। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। चंदाना गेट के आजाद नगर कैथल निवासी अशोक कुमार ने शहर थाना में दी गई शिकायत में 24 की शाम करीब साढ़े छह बजे वह अपने घर में सामान चेक कर रहा था।

### छावनी में मैंने विकास के रथ को खींचने की कोशिश की, अब प्रधान व 32 सहयोगियों की जरूरत

# भाजपा पार्षद चुनाव जीतकर आएंगे तो विकास हर गली-मोहल्ले तक पहुंचेगा

### शहीदी स्मारक बनाने के लिए 20 साल लड़ाई लड़ी और आज एशिया का सबसे बड़ा स्मारक यहां बन रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



अंबाला। नुक्कड़ सभा को संबोधित करते परिवहन मंत्री अनिल विज। फोटो : हरिभूमि

परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने वीरवार को अंबाला सदर नगर परिषद के लिए हो रहे चुनाव में आखिरी दौर में कई नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया। शाम को विज ने भाजपा से वार्ड नंबर 11 प्रत्यशी आंचल सैनी के पक्ष में रामपुर-सरसेहड़ी, वार्ड नंबर 12 पूजा विहार से प्रत्यशी सतीश धीमान, वार्ड नंबर 13 प्रभु प्रेम पुरम में रितु शर्मा व वार्ड नंबर 14 टांगरी बांध के निकट प्रत्याशी नरेश शर्मा के पक्ष में उन्होंने जनसभा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि टांगरी नदी पार इलाके में पानी से सुरक्षा के लिए वह बांध बनाकर दे रहे हैं जोकि रेलवे लाइन तक बनाया जाएगा। बांध के बनने से इस सारे इलाके को बाढ़ से बचाया जा सके। उन्होंने बताया कि नदी पर महेशनगर की पहले ही बांध को मजबूत कर वहां रोड बना दी गई है जिससे शहरी क्षेत्र को काफी सुरक्षा मिली है। उन्होंने कहा कि जब भजनलाल मुख्यमंत्री थे तो ट्रिब्यून कालोनी के ठीक पास 22 एकड़ में जॉन साहब की डिग्गी थी, इस जमीन को कांग्रेस वालों ने महज 50 गज रुपए के हिसाब से अपने नाम करवा ली थी जोकि हजारों रुपए गज में भी नहीं मिलती थी। मगर तब कांग्रेसियों को लूट की छूट थी और उन्होंने तब संघर्ष किया और हाईकोर्ट में केस जीतकर कांग्रेस के जबड़े से जमीन निकालकर आज हरियाणा का बेहतरीन सुभाष पार्क बनाकर दिया।उन्होंने कहा अम्बाला छावनी जहां कभी किसी ने विकास नहीं कराया और आंखें तरसती रहती थी। यहां के लोग उम्मीद लगाए बैठे रहते थे कि हमारे शहर में भी विकास का कोई काम हो। उन्होंने अम्बाला-साहा रोड फोरलेन कराई, रिंग रोड बनकर तैयार हो रही है, सुभाष पार्क व नई अनाज मंडी बन चुकी है। 1857 के शहीदों की याद में शहीदी स्मारक बनाकर दिया जा रहा है। 1857 में आजादी का पहला स्वतंत्रता संग्राम छावनी से प्रारंभ हुआ था। इसके बाद क्रांति सारे देश मेरठ, दिल्ली व अन्य जगहों पर हुई। मगर आज तक कभी किसी ने उन्हें श्रद्धांजलि नहीं दी और याद नहीं किया। उन्होंने शहीदी स्मारक बनाने के लिए 20 साल लड़ाई लड़ी और आज एशिया का सबसे बड़ा स्मारक यहां बन रहा है।

#### बिना किसी रुकावट विकास कार्य होंगे

विज ने कहा कि वह अकेले ही इतने सालों से काम करते रहे क्योंकि नगर परिषद के चुनाव नहीं हुए थे। वह हर गली मोहल्ले, सड़क, नाली पर अकेले निगाह नहीं रख सकते, मगर काफी हद तक उन्होंने कोशिश की। पूरे शहर में उन्होंने सड़के, नालियां, स्ट्रीट लाइटें लगवाकर दी। वह काफी समय से अकेले ही विकास के रथ को खींचने की कोशिश कर रहे थे। विकास कार्य गली-गली हर मकान तक पहुंचे इसके लिए उन्हें अब सहयोगियों की जरूरत है। नगर परिषद चुनाव में उनके सहयोगी जीतकर आएंगे तो विकास हर गली हर मोहल्ले तक पहुंचेगा। केंद्र व प्रदेश में भाजपा की सरकार है, अम्बाला छावनी से वह विधायक एवं मंत्री भाजपा के हैं। आगे नगर परिषद में भी भाजपा प्रधान और पार्षद होंगे तो बिना किसी रुकावट विकास कार्य होंगे। उन्होंने जनता से आह्वान किया कि भाजपा की प्रधान पद प्रत्याशी स्वर्ण कौर और 32 वार्डों से भाजपा प्रत्याशियों के को जीताएं। उन्हें नगर परिषद में काम करने के लिए प्रधान व 32 पार्षदों सहित 33 लोगों के 66 हाथ विकास कार्य करने और 66 आंखे विकास कार्यों की निगरानी के लिए चाहिए।

# भ्रष्टाचार मुक्त शासन के लिए मतदान करें

- मेयर उपचुनाव के आखिरी दौर में कांग्रेस प्रत्याशी ने किया धुआंधार प्रचार, अपील के जरिए भाजपा प्रत्याशी पर बोला हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



अंबाला। प्रचार करती कांग्रेस प्रत्याशी अमीषा चावला। फोटो : हरिभूमि

अंबाला शहर नगर निगम के मेयर उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी अमीषा चावला ने धुआंधार प्रचार किया। वीरवार को उन्होंने अंबाला शहर के बलदेव नगर, रामनगर व मॉडल टाउन में चुनावी नुक्कड़ सभाओं के साथ घर-घर जाकर वोट की अपील की। उन्होंने कहा कि नगर निगम के मेयर चुनाव के लिए मतदान बेहद नज़दीक आ गया है। ऐसे में अब हमारे लिए यह आवश्यक है कि हम संविधान के मूल्यों नैतिकता, निष्पक्षता और सामाजिक प्रतिबद्धता पर चिंतन करें। हमें यह उदाहरण स्थापित करना होगा कि चुनाव बिना लालच,बड़ी रैलियों,पैसा,शराब और भव्य पार्टियों के भी जीते जा सकते हैं। चावला ने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान भव्य पार्टियों का आयोजन पैसा व शराब आबंटन केवल उम्मीदवारों पर अनावश्यक वित्तीय बोझ डालता है, बल्कि एक गंभीर सवाल भी खड़ा करता है: क्या चुनाव लड़ने की योग्यता धन-संपत्ति पर निर्भर होनी चाहिए या फिर योग्यता और बार के प्रति प्रतिबद्धता पर? यदि आर्थिक संसाधन न होने के कारण कोई योग्य उम्मीदवार चुनाव नहीं लड़ सकता, तो क्या हम वास्तव में एक लोकतांत्रिक और निष्पक्ष व्यवस्था कायम कर रहे हैं? हमें इस तथ्य को भी नज़रअंदाज़ नहीं करना चाहिए कि जो उम्मीदवार चुनाव प्रचार में भारी खर्च करते हैं, वे प्रायः चुनाव के बाद किसी न किसी रूप में इस खर्च की भरपाई करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि अक्सर चुनाव जीतने के बाद उम्मीदवार जनता के हितों की बजाए निजी स्वार्थ की कीमत पर जमकर भ्रष्टाचार करता है। फिर ऐसे ही कार्यकलापों से निर्णय लेने में समझौते, पक्षपात और ऐसी नीतियां बनती हैं, जो सामूहिक हित में नहीं होतीं। उन्होंने कहा कि हमें स्वच्छ, भ्रष्टाचार मुक्त शासन के हमें ऐसे उम्मीदवार का चयन करना चाहिए जो कि योग्यता, क्षमता और नैतिकता के नेतृत्व पर जनता की उम्मीदों पर खरा उतर सके। मतदाताओं से अपील करते कहा कि आइए निगम चुनाव में समझदारी व बुद्धिमानी से मेयर चुनाव के लिए मतदान करें ।

# 145 ने करवाई स्वास्थ्य जांच

- योगा फेडरेशन की ओर से आयोजित शिविर, अस्पताल के चिकित्सकों ने जांच के बाद दी दवाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



अंबाला। कैंप के दौरान चिकित्सकों के साथ मौजूद चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

योगा फेडरेशन द्वारा अपने कार्यालय व हेल्थ वैलनेस सेंटर, लाल कोठी, हाउसिंग बोर्ड अंबाला छावनी में एक फ्री कान गला एवं नाक के कैंप का आयोजन किया। फेडरेशन के प्रधान राजिंदर विज ने बताया कि योगा फेडरेशन ने अंबाला सिविल अस्पताल के डॉक्टर शीलकांत के साथ मिलकर फ्री ईएनटी कैंप का आज आयोजन किया जिसमें लगभग 145 के करीब लोगों ने अपनी कान, गला एवं नाक फ्री में टेस्ट करवाई। वहीं मेडिकल डिपार्टमेंट ने अपनी और से निशुल्क दवाई मरीजों को बांटे। फेडरेशन के सचिव अश्विनी जैन ने बताया बताया कि 1 अगस्त को योगा फेडरेशन द्वारा एक फिजियोथैरेपी सेंटर अपने कार्यालय में शुरू किया गया था जिसमें हर रोज लगभग 30 के करीब मैरिज फिजियोथैरेपी का 80 रुपए में प्रतिदिन फायदा उठा रहे हैं। यहां पर लोगों को फिजियोथैरेपी की विभिन्न वा आधुनिक सेवाएं प्रदान की जा रही है। नई और आधुनिक मशीनों के द्वारा डॉक्टर तनु बंसल के द्वारा फिजियोथैरेपी से विभिन क्षतिग्रस्त अंगों का तसल्ली बख्श इलाज किया जा रहा है।

### बूथों का किया औचक निरीक्षण

**बराड़ा।** रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम अमित भारद्वाज व सामान्य ऑब्ज़र्वर सरिता मलिक ने



नगर पालिका के तहत चुनाव के दृष्टिगत बनाए गए मतदान केन्द्रों का दौरा किया और तैयारियों का जायजा लिया।रिटर्निंग अधिकारी व सामान्य ऑब्ज़र्वर सरिता मलिक ने निरीक्षण के तहत हरि मंदिर के पास मॉडर्न स्कूल में बने बूथ नंबर 3,4,5 व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बराड़ा में बने बूथ नंबर 15,16,17 व राजकीय प्राथमिक पाठशाला में बने बूथ नंबर 9,10,11,12 व 13 का औचक निरिक्षण किया।

# पेंटिंग की बुनियादी जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



अंबाला। कार्यशाला के दौरान मौजूद छात्र व मुख्य वक्ता। फोटो : हरिभूमि

गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के स्टार्टअप सेल ने सृजन स्टार्ट-अप सेंटर के सहयोग से फैब्रिक पेंटिंग पर एक जीवंत और आकर्षक कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों को डिजिटल कौशल और कलात्मक रचनात्मकता के अनूठे मिश्रण के साथ सशक्त बनाना, व्यावहारिक अनुभव के माध्यम से उद्यमशीलता की भावना को बढ़ावा देना है। सृजन स्टार्ट-अप सेंटर की प्रतिभाशाली टीम एवं सृजन स्टार्ट-अप सेंटर के संस्थापक कपिल मदान, सीईओ रितिक एवं शाखा प्रबंधक सागरिका के नेतृत्व में कार्यशाला में प्रतिभागियों में फैब्रिक पेंटिंग की बुनियादी जानकारी दी गई। छात्रों ने ग्राफिक डिज़ाइन, रंग मिश्रण और अनुप्रयोग, सादे कपड़ों को कला के वैयक्तिकृत कार्यों में बदलने सहित विभिन्न तकनीकों को सीखा।

आज के उद्यमशीलता परिदृश्य में डिजिटल कौशल के बढ़ते महत्व को पहचानते, कार्यशाला में डिजिटल डिजाइन के तत्वों को भी शामिल किया गया। प्रतिभागियों ने पता लगाया कि पारंपरिक कला और आधुनिक तकनीक के बीच अंतर को पाटते हुए, कपड़े और कप पेंटिंग डिजाइन बनाने और परिष्कृत करने के लिए डिजिटल उपकरणों का उपयोग कैसे किया जा सकता है।

### छात्रों को हॉर्टिकल्चर के मूल सिद्धांतों में पौधों के उगाने की कला की जानकारी दी



अंबाला। विज्ञान दिवस पर मौजूद छात्र-छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

**अंबाला।** गवर्नमेंट पीजी कॉलेज के इको क्लब व आईआईसी के द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य मे जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान के मुख्य वक्ता डॉ. वीरेंद्र चहल एसोसिएट प्रोफ़ेसर हरियाणा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी कृषि विज्ञान केंद्र ने विद्यार्थियों को हॉर्टिकल्चर के मूल सिद्धांतों में पौधों के उगाने की कला, उनकी देखभाल, और बाज़ार में बेचने से जुड़ी जानकारी दी। उन्होंने पौधों की वृद्धि, पैदावार, गुणवत्ता, और पोषण मूल्य को बढ़ाने के लिए कई योजनाएं बताईं। कॉलेज कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. देस राज बाजवा ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य व्याख्यान के द्वारा छात्र छात्राओं को हॉर्टिकल्चर की बागवानी के फ़ायदों की जानकारी देना था। इस कार्यक्रम का आयोजन डॉ. शगुन आहूजा, डॉ. अंजु तनवर व डॉ. तरसेम कुमार के नेतृत्व में हुआ। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में अलग अलग विषयों के लगभग 100 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

# सामूहिक विवाह की तैयारियां पूरी

- अखिल भारतीय संत शिरोमणि रविदास मिशन के तहत कोहड़ा आश्रम में आयोजित होगा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणगढ़



नारायणगढ़। आयोजन की तैयारी करती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

अखिल भारतीय संत शिरोमणि सतगुरु रविदास मिशन के तत्वाधान में सतगुरु स्वामी समनदास महाराज के आशीर्वाद से सतगुरु रविदास आश्रम कोहड़ा में आज आयोजित होने वाले 121 कन्याओं के सामूहिक विवाह कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गईं हैं। वीरवार को गुरु सेवक एसडी गौतम ने बताया कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी संत शिरोमणि सतगुरु रविदास महाराज की 648वीं जयंती पर्व के उपलक्ष्य में सतगुरु स्वामी समनदास महाराज के आशीर्वाद से 28 फरवरी को सुबह 10 बजे से सांय 5 बजे तक सतगुरु रविदास आश्रम कोहड़ा में आश्रम प्रबंधक महंत राजकुमार दास बाल ब्रह्मचारी महाराज के सौजन्य से महान सत्संग व 121 कन्याओं का सामूहिक विवाह समारोह धूमधाम से आयोजित किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम में कई प्रदेशों के संत महात्मा समेत सामाजिक, धार्मिक व राजनीतिक क्षेत्र के अनेकों गणमान्य अतिथिगण भी पहुंचेंगे। उन्होंने सभी से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर सत्संग का धर्मलाभ उठाने तथा नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देने की बात कही है। इस दौरान वीरेंद्र दास, रामकरण ठेकेदार, रणबीर सिंह भरतू, रौनकराम, विक्रम दास, सुखविंद्र सिंह, बालकराम, सुरेंद्र दास, निर्मल दास, हर्ष, बलबीर दास, करनैल दास, नरेश हैप्पी, रविंद्र, हन्नी, हेमंत, रमेशदास, नमनप्रीत, सतविंदर कौर, अंजली, मंजीत कौर, दीप, कविता, संतोष, नेहा व कोमल समेत अनेकों अनुयायी मौजूद रहे।

# अध्यक्ष पद के लिए दो उम्मीदवारों में टक्कर

- दूसरे पदों के लिए मैदान में उतरे उम्मीदार जीत के लिए कर रहे हैं मेहनत, 1199 वकील चुनेंगे नई कार्यकारिणी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

जिला बार एसोसिएशन के चुनाव की तैयारी पूरी हो गई हैं। चुनाव को लेकर वकीलों में जबरदस्त उत्साह का माहौल है। चुनाव की वजह से शुक्रवार को भी वर्क सस्पेंड रहेगा। इस बार अध्यक्ष पद के लिए पूर्व प्रधान इकबाल सिंह व सतपाल सिंह में कड़ी टक्कर होने की संभावना जताई जा रही है। पिछले कई दिनों से दोनों उम्मीदवार अपनी जीत के लिए वकीलों से संपर्क साध रहे थे। चुनाव के लिए सुबह साढ़े नौ बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होगा।

#### 1199 वकील करेंगे मतदान

इस जिला बार एसोसिएशन के कुल 1199 वकील नई कार्यकारिणी का चुनाव करने के लिए मतदान करेंगे। मतदान बैलेट पेपर पर होगा। प्रधान पद के लिए इस बार पूर्व प्रधान इकबाल सिंह व सतपाल सिंह में सीधी टक्कर है। दोनों उम्मीदवार अपनी जीत के लिए पिछले कई दिनों से खूब कसरत कर रहे हैं। दोनों एक-एक वकील से जीत के लिए समर्थन मांग रहे हैं। एडवोकेट इकबाल सिंह ने बेशक देरी से प्रचार शुरू किया था लेकिन अब वे पूरी तरह से एडवोकेट सतपाल सिंह के लिए कड़ी चुनौती बन गए हैं। ज्यादातर वकीलों की मानें तो इस बार हार जीत का अंतर बेहद कम होगा। उपप्रधान पद के लिए एडवोकेट अरविंद गोयल, आशुतोष अग्रवाल व संदीप शर्मा में त्रिकोणा मुकाबला है। हालांकि एडवोकेट संदीप शर्मा दोनों उम्मीदवारों को कड़ी टक्कर दे रहे हैं।

### सड़क सुरक्षा समिति की हुई मीटिंग

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने वीरवार को उपायुक्त कार्यालय के कांफ्रेंस हाल में सडक़ सुरक्षा समिति के तहत एक बैठक लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने एंजेडें में रखे बिंदुवार व पिछली बैठक के दौरान जिन विषयों पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए थे उसकी समीक्षा की। बैठक में परोन एरिया, ब्लैक स्पॉट, सडक़ों पर साईन बोर्ड, येलो व व्हाइट पट्टी, आईआरएडी के तहत सडक़ दुर्घटनाओं की जानकारी, सुरक्षित स्कूल वाहन पोलिसी, मॉर्डन सडक़ बनवाने बारे, पुलिस व आरटीए विभाग द्वारा चालानिंग की कार्रवाई के साथ-साथ अन्य विषयों की जानकारी ली।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### भगवन परशुराम गौशाला में कार्यक्रम का आयोजन किया

# शहीद चंद्रशेखर को समाजसेवियों ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



अंबाला। अमर शहीद चंद्रशेखर को श्रद्धांजलि देते सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी।

अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद को कई समाजसेवी संस्थाओं द्वारा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। यह श्रद्धांजलि कार्यक्रम भगवान परशुराम गौशाला में स्वामी गोबर गोपाल दास के आह्वान पर गौशाला के संरक्षक वेदप्रकाश कौशिक की अध्यक्षता में प्रधान देवी लाल शर्मा तथा मुख्य सलाहकार राजेंद्र कौशिक द्वारा आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय बजरंग दल , सर्व धर्म समाज कल्याण सोसायटी, ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन, ठाकुरद्वारा मंदिर कमेटी पंजोखरा समेत कई समाजसेवी संस्थाओं के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के बलिदान को याद किया और उनके चित्र पर फूल-मालाएं अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर स्वामी संस्कृत आनंद, राजेंद्र कौशिक, देवी लाल शर्मा, स्वामी गोबर गोपाल गौभक्त तथा वेद प्रकाश कौशिक ने चंद्रशेखर आजाद के सम्मान में अपने-अपने विचार व्यक्त किए गए। उन्होंने कहा कि समस्त देशवासी भारत माता के लाल अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद को उनके बलिदान दिवस 27 फरवरी पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि देश की आजादी के लिए चंद्रशेखर आजाद समेत उनके बड़े भाई सुखदेव तिवारी व अन्य लाखों वीरों एवं वीरांगनाओं ने अपनी कुर्बानियां दी थी परन्तु आजादी के पश्चात देश की सरकारों ने उनके बलिदान को अनदेखा किया। अब वर्तमान में देशभक्त सरकार आजादी के लिए सहयोग करने तथा कुर्बानियां देने वालों को यथायोग्य मान सम्मान दे रही है। उन्होंने कहा कि अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के बलिदान को मध्यनजर रखते हुए हमारा भी कम से कम इतना कर्तव्य तो बनता ही है कि समस्त धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाएं एकजुट होकर प्रदेश सरकारों के माध्यम से केंद्र सरकार से मांग करें कि वह चंद्रशेखर आजाद को शहीद का दर्जा प्रदान करते भारत रत्न से सम्मानित करें।

#### ये रहे मौजूद

इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में तरसेम पाल शर्मा सेवानिवृत्त इंस्पेक्टर, जोगिंदर पाल कौशल, शशिपाल शर्मा प्रधान, राकेश कुमार, सतीश कुमार मैनेजर लक्ष्मीकांत शर्मा, मुकेश कुमार शर्मा, नरेन्द्र कुमार पूर्व प्रधान, शाम सुन्दर शर्मा, विष्णु कुमार, कुशल कुमार , कृष कुमार, रवीश कुमार, आर्यन कुमार, विनिस कुमार प्रेम नगर, रवि कुमार बलदेव नगर, परमजीत सिंह संगोठा, कीरत सिंह, अमित कुमार, सलमान, शिवम कुमार, मिंटू, कुलदीप चंद, सागर राम आदि काफी संख्या में गणमान्य शामिल हुए।